BESE-141

सत्रीय कार्य

(जनवरी, **2025** एवं जुलाई, **2025** सत्रों के लिये)

# BESE-141 शिक्षा में आई. सी. टी.

मानविकी विद्यापीठ

इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय

मैदान गढ़ी, नई दिल्ली - 110068

# BESE-141 शिक्षा में आई. सी. टी.

## सत्रीय कार्य (2025-26)

पाठ्यक्रम कोड : BESE-141 /2025-26

प्रिय छात्रो/छात्राओ,

यह सत्रीय कार्य शिक्षक जाँच सत्रीय कार्य (TMA) है। सत्रीय कार्य के लिये 100 अंक निर्धारित किये गये हैं। सत्रीय कार्य में पूरे पाठ्यक्रम से प्रश्न पूछे जायेंगे।

उद्देश्य : शिक्षक जाँच सत्रीय कार्य का उद्देश्य यह जाँचना है कि आपने पाठ्य सामग्री को कितना समझा है और आप उसे अपने शब्दों में कैसे प्रस्तुत कर सकते हैं। यहाँ पाठ्य सामग्री की पुनर्प्रस्तुति से तात्पर्य नहीं है वरन् अध्ययन के दौरान जो कुछ सीखा और समझा है उसे आप आलोचनात्मक ढंग से प्रस्तुत कर सकें।

निर्देश : सत्रीय कार्य आरम्भ करने से पूर्व निम्नलिखित बातों को ध्यान से पढ़िये:

1) अपनी उत्तर पुस्तिकाओं के पहले पृष्ठ के दाएँ सिरे पर अनुक्रमांक, नाम, पूरा पता और दिनाँक लिखिये।

2) बाईं ओर पाठ्यक्रम का शीर्षक, सत्रीय कार्य संख्या और अपने अध्ययन केन्द्र का उल्लेख करें जैसा आगे दिखाया गया है :

अनुक्रमांक : ....................

नाम : ..................

पता :....................

दिनाँक :.......................

पाठ्यक्रम का नाम/कोड :.................

सत्रीय कार्य कोड :........................

अध्ययन केन्द्र का नाम/कोड :....................

सत्रीय कार्य के लिए आवश्यक निर्देश

**1. अध्ययन:** सबसे पहले सत्रीय कार्य को ध्यान से पढ़िए । फिर इससे संबंधित इकाईयों का सावधानीपूर्वक अध्ययन कीजिए । अंत में प्रत्येक प्रश्न के संबंध में कुछ विशेष बातें नोट कर लीजिए और उन्हें तार्किक ढ़ग से व्यवस्थित कीजिए।

**2. अभ्यास:** उत्तर का प्रारूप तैयार करने से पूर्व नोट की गई बातों पर विचार कीजिए। अनावश्यक बातों को हटा दीजिए और प्रत्येक बिन्दु पर विस्तार से विचार कीजिए । निबन्धात्मक या टिप्पणी परक प्रश्नों में आरम्भ और उपसंहार पर विशेष ध्यान दीजिए । उत्तर के आरम्भिक अंश में प्रश्न की संक्षिप्त व्याख्या और अपने उत्तर की दिशा का संकेत अवश्य दे देना चाहिए । मध्य भाग में आप उत्तर का मुख्य भाग आवश्यक विस्तार के साथ क्रमबद्धता और तार्किक ढ़ग से प्रस्तुत करें । उपसंहार में उत्तर का सार देना चाहिए ।

यह सुनिश्चित कर लीजिए कि :

क ) आपका उत्तर तार्किक और सुसंगत हो,

ख ) उत्तर सही ढ़ग से लिखा गया हो तथा आपकी अभिव्यक्ति शैली और प्रस्तुति के पूर्णतया अनुकूल हो,

ग ) आपके लेखन में भाषागत त्रुटियों न हों, विशेष रूप से मात्रा और व्याकरण संबंधी गलतियों से बचें ।

**3. प्रस्तुति:** जब आप अपने उत्तर से पूर्णतया संतुष्ट हो जाएँ, तो उसे साफ़ और सुंदर अक्षरों में उत्तर पुस्तिका में लिख लीजिए तथा जिन बातों पर आप जोर देना चाहते हैं, उन्हें रेखांकित कर दीजिए ।

शुभकामनाओं के साथ ।

नोट: याद रखें कि परीक्षा में बैठने से पूर्व सत्रीय कार्य जमा कराना अनिवार्य है, अन्यथा आपको परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी ।

**सत्रीय कार्य जमा कराने की तिथियाँ :**

**जनवरी, 2025 सत्र के लिए : 30 सितम्बर, 2025**

**जुलाई, 2025 सत्र के लिए : 31 मार्च, 2026**

नियतकार्य : बी.ई.एस.ई.–141 : शिक्षा में आई.सी.टी.

अनुशिक्षक अंकित नियतकार्य

अनुशिक्षक अंकित नियतकार्य पाठ्यक्रम कोडः बी.ई.एस.ई–141

नियतकार्य कोड : बी.ई.एस.ई.–141 / टी.एम.ए. / जुलाई 2024, जनवरी और जुलाई 2025

कुल अंक : 100

**नियतकार्यों के तीन खण्ड हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।**

**खण्ड अ**

**निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्नों के उत्तर लगभग 500 शब्दों में दीजिए।**

1. आई.सी.टी. के अर्थ की व्याख्या कीजिए। ज्ञान की रचना में आई.सी.टी. की भूमिका की परिचर्चा कीजिए। (20 अंक)
2. शैक्षिक संचार के लिए आप सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकियों (आई.सी.टी.) का प्रयोग किस प्रकार करेंगे? पाँच योजनायें सुझाइये। (20 अंक)

**खण्ड ब**

**निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्नों के उत्तर लगभग 250 शब्दों में दीजिए।**

3. आजीवन / जीवनपर्यन्त अधिगम से आप क्या समझते हैं ? आजीवन / जीवनपर्यन्त अधिगम के लिए सूचना संचार प्रौद्योगिकियों (आई.सी.टी.) की भूमिका की परिचर्चा कीजिए। (12 अंक)

4. गैने (Gagne) की नौ अनुदेशनात्मक घटनाओं का उपयुक्त उदाहरणों द्वारा वर्णन कीजिए।

(12 अंक)

5. आई.सी.टी. सक्षम शिक्षण–अधिगम प्रक्रियाओं में शिक्षकों की बदलती हुई भूमिका की परिचर्चा कीजिए।

(12 अंक)

6. शिक्षा में इन्टरनेट के निहितार्थों का उपयुक्त उदारहण देते हुए समीक्षात्मक विश्लेषण कीजिए।

(12 अंक)

## खण्ड स

**निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्नों के उत्तर लगभग 125 शब्दों में दीजिए।**

7. ई–पोर्टफोलियो के अर्थ और प्रकारों की संक्षेप में व्याख्या कीजिए। (6 अंक)

8. मिश्रित अधिगम (ब्लेंडेड लर्निंग) में अनुदेशनात्मक वितरण (इन्स्ट्रक्शनल डेलिवरी) की व्याख्या कीजिए।

(6 अंक)